# चित्रकूट-पुलिस

**(1).** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे “मिशन शक्ति अभियान-5” के तहत जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/‘‘शक्ति दीदी’’ द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

“मिशन शक्ति अभियान-5” के तहत आज दिनांक 06.10.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया । महिलाओं/बालिकाओँ को “मिशन शक्ति” व ‘‘शक्ति दीदी’’ के सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई । इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया । इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित “एंटी रोमियो स्क्वायड” टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की।

**(2).** आज दिनाँक 06.10.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह निर्देशन में चित्रकूट पुलिस द्वारा आगामी त्योहार के दृष्टिगत शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृण बनाये रखने हेतु थाना/चौकी प्रभारियो द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया। पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सरकारी शराब की दुकानों को चेक किया गया एवं 02/04 पहिया वाहनों की चेकिंग की गयी।

**(3).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में वांछित/वारंटी अभियुक्तो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस ने वारण्टी अभियुक्तों के गिरफ्तार किया।

(i). उ0नि0 श्री राहुल कुमार पाण्डेय व उनके हमराही मुख्य आरक्षी शैलेन्द्र सिंह द्वारा मु0अ0स0 78/2024 धारा 363,376 भादवि0 के वांछित अभियुक्त राजन कुमार पुत्र सालिगराम निवासी इन्द्रानगर मजर मझरा पश्चिम थाना सम्पूर्ण नगर जनपद खीरी को गिरफ्तार किया।

(ii). प्रभारी निरीक्षक सरधुवा आशुतोष तिवारी व उनके हमराही आरक्षी सालिगराम द्वारा मु0अ0स0 94/2012 धारा 382,411 भादवि0 के वारंटी अभियुक्त महेश प्रसाद पुत्र कोदूराम अनुरागी निवासी कालूपुर मजरा सरधुवा थाना सरधुवा जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया।

(iii). प्रभारी निरीक्षक सरधुवा आशुतोष तिवारी व उनके हमराही आरक्षी सालिगराम द्वारा मु0अ0स0 1031/2009 धारा 323,506 भादवि0 व 07 क्रिमिनल लॉ मण्डमेन्ट एक्ट के वारंटी अभियुक्तो 1.चिरौंजी पुत्र जीवनलाल 2.श्रीकेशन पुत्र जीवनलाल निवासी सरधुवा थाना सरधुवा जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया।

**(4).** आज दिनांक 06.10.2024 को नवरात्रि/दशहरा त्यौहार एवं मूर्ति विसर्जन को सकुशल सम्पन्न कराने को लेकर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में उप जिलाधिकारी नगर श्रीमती पूजा साहू , श्रीमान क्षेत्राधिकारी नगर श्री राज कमल व एसडीओ बिजली विभाग द्वारा प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री उपेन्द्र प्रताप सिंह की उपस्थिति में नवरात्रि त्यौहार के दृष्टिगत थाना कोतवाली कर्वी में दुर्गा प्रतिमा रखने वाले संयोजकों/आयोजकों के साथ पीस कमेटी की बैठक कर संवाद किया गया तथा उनकी समस्याओं को सुनकर उन्हें शासन द्वारा निर्गत निर्धारित गाइडलाइन्स एवं कानूनी प्राविधानों से अवगत कराया गया एवं शान्तिपूर्ण वातावरण बनाये रखने हेतु तथा सुरक्षा का आश्वासन दिया गया । इस दौरान यह भी बताया गया कि शासन द्वारा निर्धारित ध्वनि सीमा के अन्दर ही लाउड स्पीकर का प्रयोग करे तथा विसर्जन के समय भी ध्यान रखें कि मूर्ति के साथ एक छोटे वाहन में दो लाउड स्पीकर से अधिक न बजाये जाये।

**(7).** आज दिनांक 06.10.2024 को दशहरा /दीपावली त्यौहार के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में उप जिलाधिकारी नगर श्रीमती पूजा साहू व श्रीमान क्षेत्राधिकारी नगर श्री राज कमल द्वारा प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री उपेन्द्र प्रताप सिंह की उपस्थिति में नवरात्रि/दशहरा/दीपावली त्यौहार के दृष्टिगत कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत पड़ने वाले बारुद लाइसेंस धारकों व भंडारण करने वालों ,पटाखा लाइसेंस धारकों के साथ भंडारण करने वाले स्थान का भौतिक निरीक्षण किया गया तथा तथा उनके लाइसेंस चेक किए गए।